# के.डी.न्यूज

सुलतानपुर से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

UPHIN 47497

वर्ष–01 अंक 20 सुलतानपुर रविवार 24 नवम्बर 2024 मूल्य : दो रूपया पृष्ठ : 4


## महाराष्ट्र में झूठ, छल और फरेब बुरी तरह हारा, पीएम मोदी बोले– विकसित भारत का मजबूत हुआ संकल्प, झारखंड में करेंगे तेज विकास

एजेंसी।

महाराष्ट मोदी ने कहा कि आज देश के अनेक राज्यों में उपचुनावों के नतीजे भी आए हैं। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान ने भाजपा को जमकर समर्थन दिया है। असम के लोगों ने भाजपा पर फिर एक बार भरोसा जताया है। मध्य प्रदेश में भी हमें सफलता मिली है। महाराष्ट्र में मिली जबरदस्त जीत के बाद भाजपा में उत्साह है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी कार्यालय से संबोधित किया। इसके साथ ही झारखंड को लेकर उन्होंने बड़ी बात कही। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हम यहां एक और ऐतिहासिक महाविजय का उत्सव मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। आज महाराष्ट्र में विकासवाद, सुशासन, सच्चे सामाजिक न्याय की जीत हुई है और महाराष्ट्र में झूठ, छल, फरेब बुरी तरह हारा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि विभाजनकारी ताकते हारी हैं, नकारात्मक राजनीति की हार हुई है परिवारवाद की हार हुई है। आज महाराष्ट्र ने विकसित भारत के संकल्प को मजबूत किया है। मोदी ने कहा कि आज देश के अनेक राज्यों में उपचुनावों के नतीजे भी आए हैं। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान ने भाजपा को जमकर समर्थन दिया है। असम के लोगों ने भाजपा पर फिर एक बार भरोसा जताया है। मध्य प्रदेश में भी हमें सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि बिहार में छक। का समर्थन बढ़ा है। यह दिखाता है कि देश अब सिर्फ विकास चाहता है। मैं महाराष्ट्र के मतदाताओं का, युवाओं का, माताओं का, किसानों, देश की जनता को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं झारखंड की जनता को भी नमन करता हूं। झारखंड के तेज विकास के लिए हम अब और ज्यादा मेहनत से काम करेंगे। इसमें भाजपा का एक–एक कार्यकर्ता अपना हर प्रयास करेगा। इस दौरान नड्डा ने कहा कि ये ऐतिहासिक दिन, विशेष दिन... जो आज भारत और महाराष्ट्र की जनता ने, और देश के विभिन्न राज्यों के उपचुनावों में जो जनता ने संदेश दिया है, वो निश्चित रूप से जिस कार्य को आदरणीय पीएम मोदी जी ने देशवासियों की सेवा करने का संकल्प उठाया। उस पर जनता ने फिर से मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि आज के दिन महाराष्ट्र और उपचुनावों में मिली जीत और पिछले दिनों हरियाणा में मिली जीत ने यह तय कर दिया है कि जिस बात को पीएम मोदी जी ने रखा... गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, दलित, महिला, युवा, किसान... इनको मुख्यधारा में शामिल करके देश को आगे ले जाना है... इस पर जनता ने फिर से मुहर लगा दी है। होंने कहा कि इस चुनाव ने यह भी संदेश दिया कि समाज को बांटने वालों को करारी हार का सामना करना पड़ा और लोगों ने पीएम मोदी की विकास नीतियों की सराहना की है। पिछले कुछ समय से छक् गठबंधन को यह भ्रम था कि वे लोगों को जाति, संविधान, धर्म के नाम पर बांटकर सत्ता हासिल कर लेंगे। हरियाणा, महाराष्ट्र ने उन्हें जवाब दे दिया है। उन्होंने कहा कि 2019 में उद्धव ठाकरे ने जनादेश का अपमान किया, लेकिन आज महाराष्ट्र की जनता ने दिखा दिया कि वो महायुति और पीएम मोदी के साथ हैं।



## अभिभावक–शिक्षक बैठक का हुआ भव्य आयोजन

ब्रह्मपुर गोरखपुर। उच्च प्राथमिक विद्यालय राजधानी ब्रह्मपुर गोरखपुर में शनिवार को भव्य मेगा शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक हेतु विद्यालय की विशेष साफ सफाई करते हुए प्रांगण को विद्यालय की उपलब्धियां को प्रदर्शित करते हुए फ्लैक्स से सजाया गया, जिसकी प्रशंसा बैठक में उपस्थित सभी अभिभावकों ने की । मेगा अभिभावक बैठक का शुभारंभ विद्यालय के बच्चों के द्वारा स्वागत वंदन से किया गया । बैठक की अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष रीता देवी ने करते हुए विद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की मुक्त खंड से सराहना की। बैठक का संचालन करते हुए विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉक्टर सुधांशु तिवारी के द्वारा विद्यालय पर चल रही नवाचारी गतिविधियों का प्रयोग प्रदर्शन अभिभावकों के समक्ष किया गया तत्पश्चात विद्यालय पर नवगठित इको क्लब के छात्र सदस्यों द्वारा क्लब गठन के उद्देश्य, कार्यों एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। इसी क्रम में विद्यालय के हेल्थ मॉनिटर द्वारा संचारी रोगों की रोकथाम की दिशा में विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों का प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक के उपरांत सभी अभिभावकों ने विद्यालय प्रांगण, कक्षा कक्ष, रसोई घर का भ्रमण किया तथा विद्यालय की साज सज्जा पर व कायाकल्प के सभी 19 पैरामीटर पर संतृप्त होने पर विद्यालय की प्रशंसा की गई। कक्षा 6 7, 8 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों के लिए जलपान का भी विशेष प्रबंध किया गया था। बैठक को संबोधित करते हुए विद्यालय के सपोर्टिव सुपरविजन के लिए उपस्थित एआरपी गणित राजेश कुमार यादव के द्वारा नैट परीक्षा के




आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला गया एवं अभिभावकों से 28 नवंबर को होने वाले इस परीक्षा में अपने बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया। कार्यक्रम के समापन की घोषणा कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती रीता देवी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक अवधेश कुमार चतुर्वेदी आनंद प्रकाश उपाध्याय का विशेष सहयोग रहा। बैठक व्यवस्था में भोजन माताओं सुनीता, उषा व लालमति ने सहयोग दिया।

## विशाल सिंह हत्याकांड – देवरिया पुलिस ने तीन अभियुक्तों पर 25–25 हजार रुपये का इनाम घोषित

देवरिया।जिले के एकौना थाना क्षेत्र में हुए विशाल सिंह हत्याकांड के तीन अभियुक्तों के ऊपर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने 25–25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। विशाल सिंह की हत्या के बाद पुलिस ने अभियुक्तों की पहचान की और उनकी गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन किया है।

## गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 50 हजार रुपये का इनामी अभियुक्त सुमित यादव गिरफ्तार

देवरिया।थाना मदनपुर और एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए गैंगेस्टर एक्ट के तहत वांछित 50 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त सुमित यादव को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी मदनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हेनौता कोठी के पास मुखबिर की सूचना पर की गई। अभियुक्त सुमित यादव, जो 7 जून 2024 से गैंगेस्टर एक्ट के तहत वांछित था, पर गोरखपुर पुलिस द्वारा 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। उसके खिलाफ 12 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चोरी, लूट, हत्या, मारपीट सहित कई गंभीर आरोप शामिल हैं। गिरफ्तारी के बाद, पुलिस ने अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया और उसके खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।




## थाना समाधान दिवस में 148 प्रार्थना पत्रों में से 58 का त्वरित निस्तारण

देवरिया।जनपद देवरिया के सभी थानों पर आज श्थाना समाधान दिवसश का आयोजन किया गया, जहां जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक श्री संकल्प शर्मा ने जनता की समस्याओं को सुना और उनका त्वरित निस्तारण किया। इस दौरान 148 प्रार्थना पत्रों में से 58 का निस्तारण किया गया। थाना गौरीबाजार में आयोजित समाधान दिवस में कुल 5 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 2 का निस्तारण मौके पर किया गया, जबकि शेष मामलों का निस्तारण संयुक्त पुलिस और राजस्व टीम द्वारा किया जाएगा। इस पहल से जनता को त्वरित समाधान मिल रहा है और प्रशासन की सक्रियता को भी बल मिल रहा है। समाधान दिवस में पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे और नागरिकों की समस्याओं का निवारण किया।



## विद्युत आपूर्ति में तकनीकी खराबी के बाद अस्थायी समाधान से सप्लाई बहाल

गढ़रामपुर, कुशीनगर।कुशीनगर के गढ़रामपुर स्थित 33ध्11 केवी विद्युत उपकेंद्र में 10 एमवीए ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। इस समस्या के समाधान के लिए विद्युत विभाग ने अस्थायी उपाय अपनाते हुए रामाभार और बुद्धा फीडर से 5 एमवीए ट्रांसफार्मर जोड़ा और रोस्टिंग के म

ाध्यम से आपूर्ति बहाल की है। विद्युत वितरण खंड के एक्सईएन आर. के. सिंह और एसडीओ अशोक कुमार ने इस समस्या की जानकारी दी और बताया कि ट्रांसफार्मर की मरम्मत का कार्य तेजी से चल रहा है।

प्रभावित क्षेत्रों में पिपराझाम, महुआवा, गढ़रामपुर, भीसवा, और महुआपाटन गांव शामिल हैं, जहां जल्द ही स्थायी समाधान से आपूर्ति पूरी तरह बहाल हो जाएगी।

## बैतालपुर ने जीता प्रथम स्थान, गौरीबाजार रहा दूसरे स्थान पर

### तहसील स्तरीय दिव्यांग बच्चों की खेलकूद और गायन प्रतियोगिता

देवरिया।तहसील स्तरीय दिव्यांग बच्चों की खेलकूद और गायन प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी प्रांगण, औरा चौरी में किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी श्री जयराम पाल ने दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। कार्यक्रम में बैतालपुर, गौरीबाजार, देवरिया सदर, नगर क्षेत्र और रुद्रपुर के दिव्यांग बच्चों ने हिस्सा लिया। दिव्यांग बच्चों द्वारा गायन, निंबू चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, लंबी दौड़ और चित्रकला जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस प्रतियोगिता में बैतालपुर ने पहले स्थान, गौरीबाजार ने दूसरे स्थान और देवरिया सदर ने तीसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संजय मिश्रा, जयप्रकाश त्रिपाठी, सुनील कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस आयोजन का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को सामाजिक और मानसिक विकास में मदद करना और उन्हें समान अवसर देना था।



## भाजपा के बूथ अध्यक्षों और पन्ना प्रमुखों का हुआ चुनाव

चौरी चौरा गोरखपुर। शनिवार को राजधानी शक्ति केंद्र पर भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) ने जीत का जश्न मनाते हुए बूथ अध्यक्षों एवं पन्ना प्रमुखों का चुनाव कराया। इस अवसर पर कार्यक्रम के चुनाव अधिकारी, भाजपा नेता श्री बी के शाही के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उपचुनाव एवं महाराष्ट्र जीत की खुशी में सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ मिठाई बांटी गई और मुंह मीठा कराया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुग्रीव तिवारी, महामंत्री किसान मोर्चा राजनरायन सिंह, प्रधान प्रतिनिधि अरविंद सिंह, मनोज सिंह, डॉ. राममिलन प्रजापति, जिला महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा मोहम्मद जावेद, मंडल महामंत्री विश्वनाथ तिवारी, नेबूलाल, विकास कुमार सिंह, संदीप सिंह सहित अन्य कई प्रमुख भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह चुनाव भाजपा संगठन को मजबूत बनाने और आगामी चुनावों में पार्टी की विजय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। भाजपा के इस आयोजन से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बना।




## महानगर में इलेक्ट्रिक बस के चलने से यात्रियों को मिली राहत

पिपराइच गोरखपुर । । गोरखपुर महानगर में इलेक्ट्रिक बस के चलने से यात्रियों को राहत मिल रही है। शहर में काली मंदिर से पिपराइच तक अभी तक एक ही इलेक्ट्रिक बस चलती थी। यात्रियों की बढ़ती भीड़ के कारण निगम ने इस रोड पर एक और इलेक्ट्रिक बस चलाने का निर्णय लिया गया है। महानगर से अभी तक 27 इलेक्ट्रिक बस चल रही हैं। पहले 25 बसों का चलाया गया था। बाद में पीपीगंज रोड पर दो और बसें चलाई गईं थीं। इससे पीपीगंज के लोगों को गोरखपुर आने में सुविधा मिल रही है। इसके बाद बसों की दूरी को खजनी तक बढ़ा दिया गया। इलेक्ट्रिक बस के खेमे में एक नई बस आने के बाद पिपराइच रोड पर इसे चलाने का निर्णय लिया गया है। सिटी ट्रांसपोर्ट के प्रबंध निदेशक लव कुमार सिंह ने बताया कि इससे यात्रियों को ज्यादा सुविधा होगी। भविष्य में यात्रियों की सुविधा को लेकर इस पर और विचार किया जाएगा।

## किसानो के लिए गन्ना अब भी सोना - कमलेश पासवान

### गन्ना विकास समिति सरदार नगर में सम्मान समारोह आयोजित

चौरीचौरा गोरखपुर। शनिवार को सरदारनगर स्थित सहकारी गन्ना विकास समिति के परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य नवनिर्वाचित चेयरमैन और संचालक मंडल को सम्मानित करना था। कार्यक्रम का आयोजन समिति के चेयरमैन विजय कुमार शाही ने किया, जिसमें केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, विधायक ई. सरवन निषाद और दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राधेश्याम सिंह सहित कई प्रमुख अतिथि उपस्थित थे। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने अपने सम्बोधन में कहा कि गन्ना किसानों के लिए आज भी एक अनमोल संपत्ति है। उन्होंने बताया कि पहले इस क्षेत्र में गन्ना की खेती बहुत लाभकारी थी, और यहां की सरैया चीनी मिल अच्छी तरह से चल रही थी। लेकिन, स्थानीय राजनीति के कारण मिल बंद हो गई, जिससे किसानों और श्रमिकों को बहुत नुकसान हुआ। पासवान ने पूर्व की बसपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने चीनी मिलों को बेच दिया, जिससे हजारों लोग बेरोजगार हो गए और किसानों को गन्ना उगाने में समस्या आने लगी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पहले गन्ने की बुआई करने वाले किसानों को समय पर भुगतान मिलता था, जिससे वे अपने परिवार का भरण–पोषण आसानी से कर सकते थे। लेकिन, मिलें बंद होने के कारण किसान आत्महत्या करने तक को मजबूर हो गए थे। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रदेश सरकार ने गन्ना मूल्य का समय पर भुगतान शुरू किया और मिलों को पुनः चालू किया, जिससे किसानों की स्थिति में सुधार हुआ है। पासवान ने किसानों से अपील की कि वे गन्ने की खेती को बढ़ाएं, क्योंकि गन्ना अब भी उतना ही फायदेमंद है जितना पहले था। क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने भी किसानों के विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कभी गन्ने के उत्पादन में देश में अग्रणी था। पूर्व सरकारों के कार्यकाल में गन्ना किसानों को बड़ा नुकसान हुआ, लेकिन वर्तमान प्रदेश सरकार के नेतृत्व में गन्ना किसानों का विकास तेजी से हो रहा है। योगी सरकार ने गन्ना मूल्य का शत–प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित किया है और किसानों की स्थिति में सुधार लाया है। विधायक ई. सरवन निषाद ने अपने सम्बोधन में कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने कहा कि



इस सम्मान समारोह के माध्यम से एक नया दायित्व सौंपा गया है। सरकार की योजनाओं के माध्यम से किसानों की खुशहाली के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र का विकास अब मुख्यधारा से जुड़ चुका है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राधेश्याम सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने सहकारी समितियों को पुनर्जीवित करके किसानों में एक नई ऊर्जा का संचार किया है। पूर्व सरकारों ने इन समितियों को पूरी तरह से समाप्त कर दिया था, लेकिन भाजपा सरकार ने इन्हें पुनः सक्रिय किया और किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं बनाई हैं।

## 23 महीने के बाद भी नही खुला दलित महिला के हत्या का राज

**रिपोर्ट –रोहित शुक्ल।**

सुल्तानपुर–बल्दीराय थाना क्षेत्र के पूरे गंगा पांडेय (महुली) में ग्राम पंचायत सदस्य सुमन पत्नी 53 वर्ष पत्नी शिवलाल की मौत एक रहस्य बन कर रह गई, जिसकी हत्या क्यों की गई 23 महीने बीत जाने के बाद भी अब तक पुलिस हत्या के कारणों का खुलासा नही कर पाई है। इन 23 महीनों में अब तक बल्दीराय थाने पर तीसरे इंस्पेक्टर की तैनाती हो चुकी है। दलित महिला सुमन की हत्या पूर्व थाना प्रभारी अमरेंद्र सिंह के तैनाती के समय पर हुई थी,घटना स्थल का निरीक्षण कप्तान सोमेन वर्मा ने भी किया था, जल्द से जल्द हत्या के खुलासे के दावा भी किया था, लेकिन सारे दावे धराशाई हो गए। अमरेंद्र सिंह के बाद थाने की कमान संभाली आर बी सुमन ने वो भी हत्या का खुलासा नही कर पाए,इस बार बल्दीराय थाने की कमान तेज तर्रार थाना प्रभारी धीरज संभाल रहे है लेकिन अभी तक दलित महिला मृतक सुमन की हत्या का राज राज ही है। सुल्तानपुर जिले के बल्दीराय थाना क्षेत्र में महिला ग्राम पंचायत सदस्य की धारदार हथियार और लाठी–डंडे से पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई थी वारदात के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई. घटना उस समय हुई जब रात में मृतिका अपने खेत की रखवाली करने गई थी।

हत्या सूचना पर पहुंची पुलिस ने जंगल से शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस के आलाधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची थी और मामले की पड़ताल शुरू कर दी है. पुलिस का कहना है कि हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. जल्द ही आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा लेकिन 23 महीना बीत जाने के बाद पुलिस का आश्वासन अभी आश्वासन ही है।

## महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में मिली जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न, दागे गोले।

सुलतानपुर – महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत की खुशी में नगर के डाकखाने चौराहे पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न दागे गोले इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डॉक्टर एमपी सिंह मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी भाजपा नेता राजकुमार सोनी आदि रहे मौजूद



# सार्थक हुआ पुलिस स्मृति दिवस



हम वर्ष भरा कोई न कोई दिवस मनाते रहते हैं। इनमें से बहुत तो तभी याद आते हैं जब कोई उनका जिक्र करता है। इसके विपरीत कुछ ऐसे दिवस भी हैं जो हमें अपने कर्तव्य की याद दिलाते हैं। इनमें पुलिस स्मृति दिवस भी शामिल हैं। यह दिन शहीद पुलिस कर्मियों की याद में मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस पर कुछ ऐसी घोषणा की है जिससे यह दिवस सार्थक हो गया है। शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों को सरकार की तरफ से मिलने वाली अनुग्रह राशि को लेकर कुछ शिकायतें आ रही थीं। दरअसल, इस प्रक्रिया में कुछ खामियां थीं जिसके चलते शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों को अनुग्रह राशि मिलने में अड़चन आ जाती थी। अब इन खामियों को दुरुस्त करने के लिए शासनादेश जारी हो गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस कर्मियों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उसकी भरपाई तो कोई नहीं कर सकता है लेकिन उनके सामने कम से कम आर्थिक संकट न आए, इसका प्रबंध सरकार कर रही है। हालांकि इतना भर पर्याप्त नहीं है। शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों को पूरा समाज अपना परिवार समझे, तभी उनकी शहादत को सम्मान मिलेगा। योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के साहसी पुलिसकर्मियों के सहयोग से किये गये कुछ कार्य भी याद दिलाये।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपना एक और वादा पूरा कर दिया है। 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की थी शहीद पुलिसकर्मियों को मिलने वाली अनुग्रह राशि देने में जो खामियां हैं उसे जल्द ही दुरुस्त किया जाएगा। अब अनुग्रह राशि को लेकर जो खामियां थी उसे ठीक करते हुए नया शासनादेश जारी कर दिया है। इसके तहत अब शहीद अविवाहित पुलिसकर्मियों के माता–पिता को अनुग्रह राशि के तौर पर 50 लाख रुपए मिलेगा। महिला पुलिसकर्मी के शहीद होने पर उसके पति या अन्य कानूनी वारिश को अनुग्रह राशि भी दी जा सकेगी।

दरअसल, अब तक जो व्यवस्था थी उसके तहत किसी भी पुलिस अफसर या पुलिसकर्मी के शहीद होने पर सरकार के द्वारा पत्नी और माता–पिता के जीवित न रहने पर अन्य आश्रितों को अनुग्रह राशि पूरी नहीं मिल पाती थी। इसी तरह विवाहित महिला पुलिसकर्मी की मृत्यु पर उसके पति को वारिस नहीं माना जाता था। शहीद के माता–पिता को भी पूरी अनुग्रह राशि नहीं मिल रही थी। अब शासनादेश के तहत इन खामियों को दूर किया गया है। नए शासनादेश में अब पत्नी की जगह जीवनसाथी शब्द का प्रयोग किया गया है। इस व्यवस्था से पति को भी समान लाभ मिलेगा। इसके अलावा शासनादेश में यह भी संशोधन किया गया है कि संबंधित कर्मचारी की मृत्यु पर जो भी अनुमन्य राशि है उसके कानूनन वारिस को मिल सकेगी। बता दें कि ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में मृत्यु पर 25 लाख तो वहीं जोखिम भरे कार्य के लिए शहीद होने पर 50 लाख की अनुग्रह राशि दी जाती है। माता–पिता जीवित नहीं तो पूरी राशि पत्नी को मिलेगी, पत्नी जीवित न होने पर पूरी राशि माता–पिता को मिलेगी। पत्नी और माता–पिता के जीवित न होने की स्थिति में पूरी राशि कानूनी उत्तराधिकारी को दी जाएगी। महिला पुलिसकर्मी के पति को और पति जीवित न होने पर वारिस को राशि दी जाएगी। अविवाहित पुलिसकर्मी के माता–पिता को पूरी राशि मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर वर्दी भत्ते में 70 प्रतिशत की वृद्धि, बैरक में रहने वाले आरक्षियों के पुलिस अकोमोडेशन अलाउंस में 25 प्रतिशत की वृद्धि और राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय खेलकूद में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, आहार समेत अन्य मदों के लिए अगले वित्तीय वर्ष के बजट में 10 करोड़ रुपये बढ़ाने की घोषणा की। इन घोषणाओं पर प्रदेश सरकार 115 करोड़ रुपये का खर्च वहन करेगी।सीएम योगी ने बहु मंजिला आवास और प्रशासनिक भवन के रखरखाव के लिए 1,380 करोड़ रुपए के कॉरपस फंड की घोषणा की। वहीं अंतरराष्ट्रीय आयोजन में पुलिस बल पर आने वाले खर्च पर प्रस्तावित शुल्क लगाने की स्वीकृति की, जो पुलिस महानिदेशक के अधीन रहेगा। साथ ही इसका सम्मान प्रस्तावित कॉरपस नियमावली के तहत किया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दिवगंत शहीद पुलिस कर्मियों को याद किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में दो शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को सम्मानित भी किया। हर साल 21 अक्तूबर को प्रदेश में शहीद हुए पुलिसकर्मियों की याद में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया जाता है। इस साल दो पुलिस कर्मी रोहित कुमार व सचिन राठी को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई।

आठ जून 2024 को फतेहगढ़ जिले के नवाबगंज थाने में तैनात सिपाही रोहित कुमार साथी पुलिसकर्मियों के साथ अवैध खनन की सूचना पर दबिश देने गए थे। अवैध खनन में लगे ट्रैक्टर ट्राली को एक बाइकसवार रास्ता बता रहा था। रोहित ने बाइक सवार का पीछा किया। इस दौरान आरोपियों ने रोहित की बाइक में टक्कर मार दी थी। इससे रोहित ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गए थे। इस घटना में रोहित की मौत हो गई थी। वहीं, 25 दिसंबर 2023 को कन्नौज जिले के छिबरामऊ थाने में तैनात सिपाही सचिन राठी पुलिस टीम के साथ तस्करों के यहां दबिश देने गए थे। इस दौरान तस्करों की फायरिंग में सचिन को गोली लगी थी। सचिन की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद पुलिस कर्मी, केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों तथा भारतीय सेवा में कार्यरत उत्तर प्रदेश के 115 शहीद कार्मिकों के आश्रितों को 36 करोड़ 20 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी है। वहीं जिलों में तैनात पुलिस कर्मियों की सुख सुविधा के लिए 3 करोड़ 50 लाख, कल्याण के लिए 4 करोड़, कार्यरत, सेवानिवृत पुलिसकर्मी एवं उनके आश्रितों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी 2,66 दावों के निस्तारण के लिए 30 लाख 56,000 रुपए की राशि दी गयी। इसी तरह पांच लाख से अधिक चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी 3,12 प्रकरण के लिए 12 करोड़ 60 लाख, 135 पुलिस कर्मियों और उनके आश्रितों की गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए अग्रिम ऋण के रूप में 5 करोड़ 5 लाख, जीवन बीमा योजना के तहत 3,06 मृतक पुलिस कार्मिकों के आश्रितों की सहायता के लिए 9 करोड़ 8 लाख रुपए, पुलिस कर्मियों और उनके आश्रितोंद्वारा कराए गए कैशलेस उपचार के तहत 31 लाख 16 हजार रुपए, पुलिस कार्मिकों के 205 मेधावी छात्रों को शिक्षा निधि के माध्यम से 53 लाख 30,000 रुपये की छात्रवृत्ति का भुगतान किया गया। शहीद दिवस पर एक हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित भी किया गया। **(हिफी)**


## सम्पादकीय

# अडानी की मुश्किलें

एक बार फिर अडानी समूह की विश्वसनीयता को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। हालांकि, समूह ने हिंडनबर्ग के तीखे हमलों का मुकाबला बखूबी किया था, लेकिन इस बार उसे जटिल विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी अभियोजकों द्वारा दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शुमार गौतम अडानी पर कारोबारी हितों के लिये रिश्वत देने के आरोप लगाये गए हैं। जिसके चलते समूह की कंपनियों के शेयरों में गिरावट देखी गई है। हालांकि, कारोबारी समूह ने रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोपों को निराधार कहकर खारिज किया है। लेकिन अब अडानी समूह के पास लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने के लिये खुद को तैयार करने के अलावा कोई विकल्प नजर नहीं आता। पहले से ही विपक्ष के निशाने पर रहने वाले गौतम अडानी और केंद्र सरकार के मुखिया के चर्चित रिश्तों को लेकर इस विवाद ने विपक्ष को एक नया हथियार दे दिया है। बहुत संभव है संसद के शीतकालीन सत्र में इस मुद्दे पर जमकर हंगामा हो। वहीं बचाव में उतरी भाजपा ने विपक्षी दलों के शासित राज्यों में अधिकारियों की बड़ी रिश्वतखोरी के मामलों की याद दिलायी। जबकि यह मामला भारत में रिश्वत देने से जुड़ा है तो इसकी तह तक जाने के लिये सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच वक्त की जरूरत है। निस्संदेह ऐसी किसी जांच के लिये न केवल केंद्र और राज्यों के बीच बल्कि भारत व अमेरिकी अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत होगी। उल्लेखनीय है कि अडानी समूह द्वारा कथित रूप से स्टॉक बाजार में हेराफेरी के कथित आरोपों की भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड यानी सेबी द्वारा जांच की जा रही है। लेकिन सेबी की विश्वसनीयता को लेकर भी तब सवाल उठने लगे थे, जब हिंडनबर्ग द्वारा खुलासा किया गया था कि सेबी अध्यक्ष व उनके पति की विदेशों में कर वंचना के लिये चलायी जा रही अडानी समूह की ऑफशोर कंपनियों में हिस्सेदारी है। ऐसे में इस मामले में सेबी द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की उम्मीद पर भी सवाल उठेंगे। इसके अलावा तमाम तरह के सवाल अमेरिकी अदालत द्वारा उठाये मुद्दों को लेकर सामने हैं। निस्संदेह, भारत सरकार को भी इस मामले में स्थिति स्पष्ट करने की जरूरत है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि अमेरिका में लगे आरोपों का अडानी समूह के अंतर्राष्ट्रीय निवेश पर कितना प्रभाव पड़ेगा। निश्चित रूप से अमेरिका में आपराधिक आरोप तय होना समूह के लिये एक बड़ा झटका है। लेकिन सवाल यह भी है कि भारत में दूसरे नंबर के अमीर व्यक्ति अडानी अमेरिका की नियामक कंपनियों व अदालत के निशाने पर क्यों हैं। निश्चित रूप से पिछले दशक में गौतम अडानी समूह ने अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाहों से लेकर पावर सेक्टर तक में तेजी से अपना कारोबार बढ़ाया है। वहीं दूसरी ओर गुरुवार को अडानी समूह ने इन आरोपों का खंडन किया कि अडानी ग्रीन एनर्जी ने सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया से आंध्र प्रदेश में आठ गीगावॉट सोलर पावर सप्लाई करने के टेंडर हासिल करने के लिये अधिकारियों को मोटी रिश्वत दी थी। बहरहाल, इस प्रकरण से अडानी समूह की वैश्विक महत्वाकांक्षा को झटका लग सकता है। रेटिंग एजेंसी मूडीज के मुताबिक भी, अडानी समूह के चेयरमैन व सीनियर अधिकारियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप तय होने के बाद समूह की कंपनियों की रेटिंग पर नकारात्मक प्रभाव होगा। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को बधाई देते हुए गौतम अडानी ने अमेरिका के ऊर्जा व इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में दस अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जतायी थी। जिसके अब खटाई में पड़ने की आशंका है। निश्चित रूप से भारत के रूस से गहरे होते रिश्तों व चीन से सुधरते संबंधों के बीच अमेरिका व कनाडा समेत पश्चिमी देशों में भारत को लेकर वक्र दृष्टि देखी जा रही है। अडानी प्रकरण को भी अमेरिका व भारत के बीच तल्खी के आलोक में देखा जा रहा है। अमेरिका ने इससे पहले आरोप लगाया था कि भारत सरकार के एक कर्मचारी ने न्यूयॉर्क में एक अमेरिकी नागरिक व सिख अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश रची थी। बहरहाल, अब देखना होगा कि ट्रंप की ताजपोशी के बाद दोनों देशों के रिश्ते कैसे रहते हैं।

# पुतिन की धमकी पर ब्रिटेन से आया जवाब

ब्रिटेन के डिप्टी चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ रॉब मैगावन ने कहा है कि अगर रूस ने कोई और पूर्वी यूरोपीय देश पर हमला किया, तो ब्रिटेन की आर्म्ड फोर्सेज उस पर लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।



उन्होंने कहा, "अगर ब्रिटिश आर्मी से आज रात लड़ाई की मांग की जाती है, तो यह रात को ही लड़ाई करेगी। मुझे नहीं लगता कि इस कमरे में किसी को भी ये भ्रम होना चाहिए कि अगर रूस ने पूर्वी यूरोप पर हमला किया, तो हम उनसे मुकाबला नहीं करेंगे।" ये बयान उन्होंने हाउस ऑफ कॉमन्स डिफेंस कमिटी के सामने दिया। पुतिन ने कहा कि अगर रूस ने यूक्रेन पर नए मिसाइलों से हमला किया, तो रूस पहले से नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर जाने की चेतावनी देगा। उन्होंने यह भी कहा कि मास्को को दुश्मन को चेतावनी देने का कोई डर नहीं है, क्योंकि वह हमले को रोक नहीं सकते।

मैगावन के बयान उस वक्त आए जब उन्हें ये पूछा गया कि अगर रूस द्वारा बड़े पैमाने पर हमला हुआ तो ब्रिटेन कितने ब्रिगेड नाटो के पूर्वी मोर्चे पर भेज सकता है। उन्होंने ये भी कहा कि ब्रिटेन की आर्म्ड फोर्सेज के पास "ऑपरेशनल रिस्क्स और ऑपरेशनल फोर्सेज" की एक रेंज है और पहले भी उन्होंने "ज्यादा लेथलिटी" की जरूरत के बारे में बात की थी। यह बयान ऐसे समय पर आया है जब रूस और नाटो के बीच तनाव बढ़ रहा है। हाल ही में, रूस के विदेशी खुफिया प्रमुख सर्गेई नारिशकिन ने कहा कि अगर नाटो देशों ने यूक्रेन द्वारा रूस पर लंबी दूरी की मिसाइल हमले की मदद की, तो रूस इसका जवाब देगा। नारिशकिन ने यह भी कहा कि पुतिन द्वारा रूस की न्यूक्लियर पॉलिसी में किए गए बदलावों का मतलब है कि रूस को युद्ध के मैदान में हराना अब असंभव है। ध्यान रहे यूक्रेन ने अमेरिकी मिसाइलों का उपयोग करके रूस के क्षेत्र पर हमला किया, जो कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन से मिली नई अनुमति का फायदा था।

# भारत की सख्ती से ट्रूडो सरकार बैकफुट पर

कनाडा के खिलाफ भारत की सख्ती का अब असर दिखने लगा है। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड पर जस्टिन ट्रूडो सरकार बैकफुट पर आ गई है। कनाडा सरकार ने माना है कि निज्जर हत्याकांड में मोदी, एस जयशंकर और अजित डोभाल का न तो कोई कनेक्शन है और न ही कोई सबूत है। ट्रूडो सरकार ने उस कनाडाई मीडिया के दावे को खारिज किया है, जिसने यह आरोप लगाया था।



दरअसल, कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार ने हाल ही में एक विवादास्पद मीडिया रिपोर्ट पर सफाई दी है। 'द ग्लोब एंड मेल' की रिपोर्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बीच संबंध जोड़ने की कोशिश की गई थी। कनाडा सरकार ने इस मीडिया रिपोर्ट को अटकलों पर आधारित और गलत बताया है।

भारत पर झूठा आरोप लगाने वाली ट्रूडो सरकार के हाथ एक बार फिर सबूतों को लेकर खाली हैं। भारत की सख्ती के बाद ट्रूडो सरकार ने बयान जारी किया है। ट्रूडो सरकार ने कहा कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या सहित कनाडा में किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि में भारतीय प्रधानमंत्री मोदी, विदेश मंत्री जयशंकर और अजित डोभाल की कोई भूमिका नहीं है। इसे लेकर उसके पास कोई सबूत भी नहीं है। कनाडाई मीडिया रिपोर्ट पर सफाई देते हुए जस्टिन सरकार ने कहा, 'कनाडा सरकार ने यह बयान नहीं दिया है, न ही उसे प्रधानमंत्री मोदी, विदेश मंत्री जयशंकर, या एनएसए अजित डोभाल को कनाडा के भीतर गंभीर आपराधिक गतिविधि से जोड़ने वाले सबूतों की जानकारी है।

# जनतंत्र की सौतेली मां!

राजेन्द्र शर्मा

अब जबकि महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभाई चुनाव और उनके साथ ही पंद्रह राज्यों में दो लोकसभाई तथा 48 विधानसभाई उपचुनावों के लिए वोट पड़ चुके हैं, हाल के चुनावों के अनुभव की रौशनी में एक बार फिर यह सवाल पूछना अप्रासांगिक नहीं होगा कि जनतंत्र के रूप में हमारे किधर जाने के लक्षण हैं? ठीक–ठीक किधर के सवाल पर फिर भी असहमतियां हो सकती हैं, विवाद हो सकते हैं, लेकिन इतना तय है कि लक्षण अच्छे नहीं हैं। हाल के चुनावों मे प्रमुखता से उभरकर आई तीन प्रवृत्तियों को देखते हुए कम से कम इतना तो कहना ही पड़ेगा। पहली जो प्रवृत्ति निकल कर आई है, वह है खुल्लमखुल्ला सांप्रदायिक प्रचार और धर्म पर आधारित दुहाइयों के ज्यादा से ज्यादा नया नार्मल बना दिए जाने की। बेशक, पिछले आम चुनाव में ही यह खेल अपने शीर्ष पर पहुंच चुका था, जब खुद प्रधानमंत्री ने, उनके विरोधी श्मंगलसूत्र भी छीन लेंगे, मुसलमानों को दे देंगे की दुहाई का सहारा लिया था और श्आरक्षण छीन लेंगे, मुसलमानों को दे दे•गे की दुहाई का तो चुनाव में आखिर–आखिर तक और बार–बार सहारा लिया था। बेशक, उस समय इस पर काफी शोर मचा था और चुनाव आयोग से कई–कई शिकायतें भी की गयी थीं। लेकिन, प्रधानमंत्री और उनके खेमे को किसी रोक–टोक का सामना नहीं करना पड़ा, न चुनाव आयोग की ओर से और न किसी अन्य संवैधानिक संस्था की ओर से। इतना ही नहीं, ज्यादा आलोचनाएं होने पर चुनाव आयोग ने अपनी जिम्मेदारी को टालने की एक अभूतपूर्व कसरत करते हुए और एक झूठी समानता रचते हुए, प्रमुख नेताओं के आदर्श चुनाव संहिता का उल्लंघन करने की सारी शिकायतें, क्रमशरू भाजपा और कांग्रेस के अध्यक्षों को भेज दीं, जवाब देने के लिए और अपने–अपने स्टॉर प्रचारकों को हर प्रकार के उल्लंघन से बचने के लिए समझाने के लिए। दिलचस्प यह था कि यह भी तब किया गया, जब महीने भर से ज्यादा लंबी चुनाव प्रक्रिया अपने छोर पर पहुंच रही थी। नतीजा यह कि दोनों मुख्य प्रतिद्वंद्वी पार्टियों के अध्यक्षों के जवाब आते–आते ही चुनाव निकल गया और जाहिर है कि उसके बाद तो चुनाव आयोग ने गंगा ही नहा ली।

रत्तीभर हैरानी की बात नहीं है कि इस चुनाव में उन्हीं प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सांप्रदायिक दुहाई को और आगे बढ़ा दिया गया है। जहां पिछले चुनाव में मंगलसूत्र छीन लेंगे, आरक्षण आदि छीन लेगे और श्उन्हेंश यानी मुसलमानों को दे देंगे की खुली सांप्रदायिक दुहाई थी, तो इस चुनाव में उसे रोटी, बेटी और माटी, सब छीने जाने के खतरे की दुहाई में और आगे बढ़ा दिया गया है। इतना ही नहीं है। इस सांप्रदायिक दुहाई को इस अर्थ में भी और आगे बढ़ाया गया है कि अब दावा भावी खतरे का नहीं किया जा रहा था कि श्छीन लेंगेश। अब दावा चालू खतरे का थाय अब कहा जा रहा थाकृ श्छीन रहे हैं।श जाहिर है कि इस और सांप्रदायिक दुहाई का सहारा लिए जाने के अन्य सभी मामलों में भी, इस बार भी न तो चुनाव आयोग ने कुछ रोक–टोक करने की जेहमत उठायी और न किसी और संवैधानिक संस्था ने। हां! एक बार फिर चुनाव आयोग ने अपनी ओर से कागज का पेट भरने के लिए, आम चुनाव के समय की अपनी तिकड़म को ही दुहराते हुए, आदर्श चुनाव संहिता के उल्लंघन की शिकायतें मुख्य प्रतिद्वंद्वी पार्टियोंकृकांग्रेस और भाजपाकृके अध्यक्षों को जवाब देने के लिए भेज दीं। इन शिकायतों का जवाब भी चुनाव प्रचार की आखिरी तारीख तक मांगा गया था। यह दूसरी बात है कि राजनीतिक पार्टियों ने इस तारीख में भी विस्तार मांग लिया और इस तरह एक बार फिर गेंद को चुनाव के बाद के आकाशी शून्य में उछाल दिया गया है। बेशक, इस बार झारखंड में हुई एक अलग सी किंतु इसी से संबंधित घटना का जिक्र करना भी यहां जरूरी हो जाता है। यह किसी से छुपा नहीं है कि किस तरह संघ–भाजपा–एनडीए ने इस बार झारखंड के चुनाव में श्बंगलादेशी घुसपैठश का झूठा और सांप्रदायिक हौवा खड़ा करने को, अपना मुख्य चुनावी हथियार बनाने की कोशिश की है। इसी के हिस्से के तौर पर और इस सिलसिले में भाजपा के चुनाव घोषणापत्र से लेकर प्रधानमंत्री तक के दावों को आगे बढ़ाते हुए, झारखंड भाजपा ने एक बहुत ही आपत्तिजनक और उकसावेपूर्ण सांप्रदायिक वीडियो अपने आधिकारिक चौनल से जारी किया था। जाहिर है कि यह मोदी राज में चुनाव आयोग के गांधी के बंदर बनकर, सत्ता पक्ष की करतूतों पर आंख, कान, मुंह बंद कर के बैठे रहने की प्रवृत्ति का ही एक और उदाहरण था कि सत्ताधारी पार्टी के हौसले इतने बढ़ गए कि इस बार उसने अपने आधिकारिक हैंडल से ऐसा भड़काऊ वीडियो जारी कर दिया। वीडियो के वाइरल होने के बाद और जाहिर है कि देश ही नहीं, बाकी दुनिया में भी सवाल उठने के बाद, चुनाव आयोग ने राज्य भाजपा से न सिर्फ जवाब मांगा बल्कि अंततरू अपनी ओर से श्कठोरश कार्रवाई भी कीय आयोग ने यह वीडियो तो हटवा ही दिया! सब कुछ ठीक न होने का दूसरा लक्षण महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन अपने शीर्ष पर था, जब मुंबई के उपनगर विरार में भाजपा के एक राष्ट्रीय महासचिव, विनोद तावड़े के कथित रूप से नोट बांटते हुए रंगे हाथों पकड़े जाने का वीडियो वाइरल हुआ। वीडियो में नोटों के बंडल लहराए जा रहे थे जो कथित रूप से तावड़े के पास से मिले थे। वंचित बहुजन अघाड़ी के जिस नेता ने नोट पकड़वाने वाली कार्यकर्ताओं की भीड़ का नेतृत्व किया था, उसने तावड़े के पास से मिली एक डायरी में करोड़ों रुपए बांटे जाने का विवरण मिलने की भी बात कही। यह पूरा प्रकरण चूंकि वीडियो पर दर्ज हुआ था, चुनाव आयोग को भी आखिरकार तावड़े के मामले में तीन एफआईआर दर्ज करानी पड़ी है। कहने की जरूरत नहीं है कि तावड़े ने अपने

# चीन ने दी अमेरिका के वर्चस्व को चुनौती

चीन ने केवल सैन्य ताकत में बल्कि आर्थिक क्षेत्र में भी सीधे तौर पर अमेरिका के वर्चस्व को चुनौती दी है। आंकड़ों के मुताबिक बीते साल चीन और अमेरिका के बीच 575 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। यह व्यापार पूरी तरह एकतरफा है। इसमें से चीन से अमेरिका को 501 अरब डॉलर का निर्यात हुआ जबकि अमेरिका से चीन ने केवल 74 अरब डॉलर का आयात किया। व्यापार में इसी असंतुलन से निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चिढ़े हुए हैं। वह अमेरिका फर्स्ट की नीति पर चलने की बात कह रहे हैं। लेकिन, यह बात भावनात्मक ज्यादा है। वास्तविकता यह है कि वह चाहकर भी चीन के खिलाफ बहुत आक्रामक नहीं हो सकते हैं। हालांकि इस भावनात्कम मुद्दे पर उन्हें अमेरिका में फिर से शानदार जीत मिली है। अमेरिका को भले ही दुनिया का अंकल सैम कहा जाता हो लेकिन, वो अमेरिका अब अमेरिका नहीं रहा। बीते करीब साढ़े तीन दशक में दुनिया काफी बदल चुकी है। शीत युद्ध के बाद की दुनिया पूरी तरह अलग है। चीन, अमेरिका के धुर विरोधियों का केंद्र बन चुका है। इतना ही नहीं वह अमेरिका को पूरी तरह अपना शिकंजा कस चुका है। उस शिकंजे से निकलने के लिए अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हों या कोई और३ कोई भी फड़फड़ाने के अलावा कुछ खास नहीं कर पाएंगे।



यूएसए टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक सबसे अहम बात यह है कि कहने को यह अच्छा लगता है कि अमेरिका चीनी उत्पादों पर 100 फीसदी से अधिक का टैरिफ लगा देगा। इससे चीन के माल महंगे हो जाएंगे और वे फिर अमेरिकी बाजार में डंप नहीं किए जाएंगे लेकिन, क्या आपको पता है कि इजरायल–हमास और रूस–यूक्रेन युद्ध के कारण महंगाई की मार झेल रही अमेरिकी जनता ट्रंप के इस कदम से खुश होगी? दुनिया के अर्थशास्त्री ट्रंप के इस फैसले से चिंतित हैं। इससे अमेरिका में बेतहाशा महंगाई बढ़ेगी। ट्रंप अगर ऐसा करते हैं तो एक आम अमेरिकी परिवार पर हर साल 2600 अमेरिकी डॉलर 2.20 लाख रुपये का बोझ पड़ेगा।

# व्हाइट बाडीकान आउटफिट पहन शिल्पा शेट्टी दिखीं बेहद ग्लैमरस, एक्ट्रेस की हाटनेस देखकर फैंस हुए फिदा



बॉलीवुड इंडस्ट्री की फिटनेस क्वीन शिल्पा शेट्टी हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस को पैपराजी ने मनीष मल्होत्रा के न्यू स्टोर इवेंट लॉन्च के दौरान स्पॉट किया। इस दौरान उनका लुक देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी फिटनेस फ्रीक हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक को देखकर तारीफ करते नहीं थकते हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी को पैपराजी ने

# शहनाज गिल ने सिद्धार्थ शुक्ला संग अपने रिश्ते पर तोड़ी चुप्पी

शहनाज गिल और सिद्धार्थ शुक्ला की मुलाकात बिग बॉस 13 में हुई थी। सह–प्रतियोगी होने से लेकर अच्छे दोस्त बनने तक, दोनों काफी कम समय में एक–दूसरे के बहुत करीब आ गए। शो में भी शहनाज सिड के लिए काफी पजेसिव थी और उन्हें अक्सर अपने प्यार को कन्फेस करते हुए भी देखा गया था। घर के बाहर भी स्टार्स हमेशा साथ रहे। फैंस उन्हें प्यार से सिडनाज कहते थे हालांकि साल 2021 में सिद्धार्थ की हार्ट अटैक से मौत हो गई जिसके बाद शहनाज काफी टूट गई थी। उनका रो–रोकर बुरा हाल था। अब एक्टर की मौत के 3 साल बात एक्ट्रेस ने उनके साथ अपने रिश्ते का खुलासा किया है। फन विद फराह पर फराह खान संग बात करते हुए, शहनाज गिल ने खुलासा किया कि वह सिद्धार्थ को लेकर बहुत पजेसिव थीं अभिनेत्री ने खुलासा किया कि उनके लिए शक्ल–सूरत कोई मायने नहीं रखती, लेकिन एक गर्लफ्रेंड के तौर पर उन्हें जलन होती है और वह बेहद पजेसिव हैं। एक्ट्रेस ने कहा, "मैं पजेसिव थी, क्योंकि भाई वह हैंडसम भी था। अगर कोई इतना अच्छा दिखता है, तो पजेसिव महसूस करना स्वाभाविक है।

इसके अलावा, अभिनेत्री ने ये भी बताया



# विद्यालय के शैक्षिक विकास में अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका – जयप्रकाश मौर्य

## कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय मे हुआ अभिभावक शिक्षक बैठक

कौड़ीराम गोरखपुर । । विद्यालय के शैक्षिक विकास में अभिभावकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। अभिभावकों के सकारात्मक सहयोग से बच्चों और विद्यालय का समग्र विकास होता है। यह बातें कौड़ीराम के खण्ड शिक्षा अधिकारी जय प्रकाश मौर्य ने शनिवार को कंपोजिट पूमावि कौड़ीराम में आयोजित अभिभावक शिक्षक बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बच्चों की नियमित उपस्थिति अभिभावकों की जागरूकता पर निर्भर करता है। उन्होंने डीबीटी योजना के बारे में बताते हुए कहा कि शासन द्वारा प्राप्त धन का उपयोग बच्चों के यूनिफॉर्म, बैग, जूता मोजा और स्वेटर के लिए जरूर करे। आगामी निपुण असेसमेंट टेस्ट और परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण के बारे में बताते हुए कहा कि परीक्षा में शत प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक है। इसके अलावा उन्होंने निपुण लक्ष्य, व्यक्तिगत एवं परिवेशीय स्वच्छता, संचारी रोग नियंत्रण, मिड डे मील आदि योजनाओं के बारे में अभिभावकों से फीडबैक लिया। इसके पहले उन्होंने क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कसिहार, मलांव तथा बेलीपार में आयोजित पीटीएम में भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में नीलम राय, प्रदीप गौड़, विनीत त्रिपाठी, अजंता राय, सुरजीत सिंह, गीता राय, राजेश मिश्रा, दीपिका सिंह, संजीव भारती, अल्पना राय आदि मौजूद रहे।

## गरयाकोल में हुआ रामचरितमानस पाठ का आयोजन

गगहा गोरखपुर । । गगहा थाना क्षेत्र के गरयाकोल में संपूर्ण रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में आरती व प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ। शुक्रवार को मानस पाठ का शुभारंभ विधि विधान से आचार्यो ने वेदी पूजन कराने के बाद किया।



शनिवार को मानस पाठ के समापन अवसर पर आरती तथा प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर मुख्य यजमान श्रीराम सिंह, शक्ति विजय सिंह, सुशील राठौर, राजेन्द्र राठौर, अभिमन्यु सिंह, महेन्द्र राव, भगत सिंह, योगेश त्रिपाठी, ज्वाला प्रसाद तिवारी, राम अनन्त तिवारी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## थाने के समाधान दिवस में पहुंचे आठ फरियादी



खजनी गोरखपुर । । खजनी थाना नवंबर माह के अंतिम सप्ताह के अंतिम समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे खजनी तहसील तहसीलदार नायब तहसीलदार राम सूरज प्रसाद एवं दिवस प्रभारी थानाध्यक्ष सदानंद सिन्हा के समक्ष कुल आठ फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पेश हुए।

इस दौरान एक मामले पुलिस विभाग से संबंधित पाया गया शेष सभी 7 मामलों के समाधान हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष सदानंद सिन्हा और नायब तहसीलदार राम सूरज प्रसाद ने ग्राम सभा सरयां में कल चलने वाले रामलीला कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। थाना परिसर में थाना दिवस पर में मौके पर खजनी के कानूनगो, हलका लेखपाल,दोनों चौकी इंचार्ज एवं एस एस चो बलीराम पांण्डेय सहित थाने के एसआई तथा पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## सपोर्ट मीट 2024 के विजेता हुए पुरस्कृत एमसीएम पब्लिक स्कूल ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

गोला गोरखपुर । । उपनगर गोला के सुअरज में स्थित एमसीएम पब्लिक स्कूल ने स्पोर्ट्स मीट 2024 के तत्वावधान में खेलों का आयोजन कर विजेता टीम व खिलाडियों में पुरस्कार वितरण कर किया सम्मानित। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक व मुख्य सेवक प्रदीप सिंह व एजुकेशनल डायरेक्टर



रत्ना सिंह ने मां सरस्वती के चित्र का पूजन अर्चन करने के साथ ही दीप प्रज्जवलित कर किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य सेवक श्री सिंह ने कहा की विद्यालय स्तरीय खेलों से ही ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ीयों को जिला व राज्य स्तरीय खेलों में जाने का मौका मिलता है साथ ही सभी खिलाड़ियों को कम खर्च में अपनी अपनी प्रतिभाओं के प्रदर्शन का मौका भी मिलता है। खेल प्रतियोगिता को हाउस मास्टर सिद्धार्थ प्रभाकर के नेतृत्व में रेड व एलो हाउस से ब्रजेश कुमार व ब्लू हाउस से सुब्रत पति तिवारी के नेतृत्व में तीन हाउस का गठन किया गया था। जिनमें रेड हाउस के खिलाडियों ने 120 मेडल पाकर प्रथम व एलो हाउस के खिलाड़ियो ने 93 मेडल पाकर द्वितीय एवं ब्लू हाउस के खिलाडियों ने 85 मेडल पाकर तृतीय स्थान पर काबिज रहे।

## समाधान दिवस पर उठा खनन का मामला




गोला गोरखपुर । । गोला थाना क्षेत्र में 8 महीने के बाद एक बार फिर खनन का मामला उठा। कई क्षेत्रो में पूरी रात खनन जोरों से शुरू है। शांत पड़े हुए खनन माफियाओं में अचानक इतनी हलचल शुरू होने से प्रश्न उठने लाजमी हैं।शनिवार को गोला थाना परिसर में प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस के अवसर पर फरियादियों की संख्या बहुत कम रही। जो भी मामले आये वह राजस्व से संबंधित ही रहे। सक्षम राजस्व कर्मियों की अनुपस्थिती में राजस्व से संबंधित किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। थाना प्रभारी के लिए उस समय असमंजस की स्थिती उत्पन्न हो गयी जब वहा मौजूद लोगों के साथ राजस्व कर्मियों ने भी 8 माह से बंद पड़े अवैध खनन के अचानक सक्रिय होने का मामला उठाया। जिसको सुनकर प्रभारी थोड़ा असमंजस में पड़ गयें। प्रभारी को बताया गया कि गोला कौड़ीराम रोड तहसील से पकड़ी रोड पर पूरी रात जेसीबी से अवैध खनन का कार्य चल रहा है। जिसे तुरंत रोकना चाहिए। इस दौरान राजस्व निरीक्षक रणविजय यादव अवधेशलाल श्रीवास्तव उमेश कुमार परमहंस आदि मौजूद रहें। अवैध खनन की बात सुनकर थाना प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा ने कहा कि खनन की शिकायत हमें मिली है। अगर 8 माह से अवैध खनन बंद था तो आगे भी बंद रहेगा। अवैध खनन किसी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। नियम सभी के लिए एक हैं। खनन रोकने के लिए प्रभावी कदम हम उठा रहे हैं।

## उन्नत प्रजाति के मक्के के बीज का निशुल्क किसानों में वितरण किया गया

सहजनवा गोरखपुर । । सुपीरियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्लांट परिसर में मक्के की खेती को प्रोत्साहन देने हेतु किसानो को निशुल्क उन्नत प्रजाति के बीज वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय मंत्री अरुण सक्सेना, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार रहे और विशिष्ट अतिथि



प्रसिद्ध अधिवक्ता अनिल सक्सेना एवं सहायक आबकारी आयुक्त प्रेम सिंह रहे। और सम्मानित अतिथियों में मंडल अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश लोधी, दीपक गिरी, एमबी इंटीग्रेटेड फाउंडेशन के संस्थापक अमिताभ पांडेय रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर परंपरागत तरीके से भव्य स्वागत किया गया, तत्पश्चात माल्यार्पण और अंगवस्त्र सप्रेम भेट कर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल ने किया। मंच संचालन एवं आतिथ्य सत्कार डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने किया। निदेशक अमित महर्षि, एवं हिमांशु अग्रवाल, शांतनु वसु, मोहित त्यागी ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल ने अपने संबोधन में बताया की आज सुपीरियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड अपने अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल के परिकल्पनाओ को साकार करने और हकीकत में बदलने हेतु तेजी से अग्रसर है। विशिष्ट अतिथि ने एसआईएल कंपनी द्वारा मक्के के उत्पादन हेतु आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा किया और कहा की एसआईएल कंपनी ने क्षेत्र के विकास में अहम योगदान दे रही है। मुख्य अतिथि ने कहा की यशस्वी प्रधानमंत्री और लोकप्रिय मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के नेतृत्व में भारतवर्ष को आत्मनिर्भर भारत,सशक्त भारत बनाने में विकास की रफ्तार को चार गुना बढ़ा दिया है और जल्द ही भारत आत्मनिर्भर भारत बनेगा। इसके साथ ही कहा की प्रत्येक खेत में मेड़ और मेड़ पर पेड़ होना बहुत जरूरी है, इसके साथ ही माननीय मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा की सुपीरियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड सदैव समाज के लिए कुछ न कुछ करती रहती है और आज यह कार्यक्रम एथेनाल उत्पादन में मील का पत्थर साबित होगा, इसके साथ ही मक्के के उत्पादन से किसानों को आए में भी वृद्धि होगी। माननीय मंत्री अरुण सक्सेना ने प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल को अंगवस्त्र, गीता देकर सम्मानित किया, इसके साथ ही उन्होंने कारपोरेट हेड एचआर , प्रशासन, विधि, सीएसआर, एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा की तारीफ किया और कहा की हम इन्हे विगत कई वर्षों से जानते हैं और इनके द्वारा सदैव समाज के विकास में भागीदारी की जाती है। इसके साथ ही उन्होंने प्लांट एचआर हेड दिनेश मिश्र की भी तारीफ किया और कहा की दिनेश बहुत कर्मठी व्यक्ति है। कार्यकम का संचालन करते हुए डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने बताया की एसआईएल कंपनी इस वर्ष दो सौ एकड़ मक्के की बुवाई का लक्ष्य रखा है और इसी के संदर्भ में आज पचास से अधिक किसानों को मक्के का बीज वितरण किया जा रहा है इसके साथ ही कंपनी दो एकड़ शुगर फ्री मक्के की बुवाई संत कबीर नगर में एमबी इंटीग्रेटेड फाउंडेशन के संस्थापक अमिताभ पांडेय के नेतृत्व में कराया है। अमिताभ पांडेय ने किसानों को संबोधित किया और बताया की मक्के की बुवाई कैसे करनी है। कमर्शियल हेड शांतनु बसु ने प्रतिदिन मक्के की माग का विवरण बताया और निदेशक अमित महर्षि ने प्लांट में उत्पादित कार्बन डाइऑक्साइड के बारे में मंत्री जी को अवगत कराया। कार्यक्रम में बिजनेस पार्टनर के तौर पर रवि खंडेलवाल शामिल हुए और उन्होंने कंपनी के उत्पादों की तारीफ किया। वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण सक्सेना जी ने सभी कर्मचारियों, अधिकारियों,किसानों के साथ ग्रुप फोटो भी कराया और कहा की आज एसआईएल कंपनी क्षेत्र रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व में अभूतपूर्व सहयोग दे रही है और कंपनी के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल की भूरी भूरी प्रशसा किया और अपेक्षा व्यक्त किया को जल्द ही कंपनी प्रदेश में और भी इकाई स्थापित करेगी और नए रोजगार को सृजित करेगी। डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, स्थानीय किसानों के प्रति आभार जताया ।

## दो दिवसीय अन्तराष्ट्रीय कांफ्रेस का बी0आई0टी0 में हुआ शुभारम्भ

सहजनवा गोरखपुर । । दो दिवसीय अन्तराष्ट्रीय कांफ्रेस का शुभारम्भ बी0आई0टी0 संस्थान में दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ, कांफ्रेस के मुख्य अतिथि प्रो0 कुमार कृष्णन नासा वैज्ञानिक अमेरिका, प्रो0 जय गोविन्द थाईलैण्ड, डा0 दीप्ती कपूर नीदरलैण्ड, ई0 देश दीपक शाही दुबई एवं संस्थान के चेयरमैन डा0 आर0ए0 अग्रवाल द्वारा शुभारम्भ किया गया। कांफ्रेस के मुख्य अतिथि नासा वैज्ञानिक प्रों0 कुमार कृष्णन ने कहा कि आवश्यकता अविष्कार की जननी है इस सूत्र वाक्य को सदैव स्मरण



रखना चाहिए। कुछ नये करने की, कुछ बेहतर करने की जिज्ञासा सदैव बनी रहनी चाहिए, जिस दिन आपने और बेहतर हो सकता है यह सोचना बन्द कर दिया उस दिन नवीन तकनीक व आधुनिक सुविधाएं जनमानस को मिलना बन्द हो जायेगी। आई0आई0टी0 कानपुर के प्रो0 योगेश चौहान ने कहा कि आपके द्वारा किये गये शोध व अविष्कार के द्वारा ही देश को आधुनिक तकनीक व नवीन संसाधन उपलब्ध हो रहे है। आज युवाओं को देश आशा भरी नजरों से देख रहा है। राजकीय इन्जीनियरींग कालेज सोनभद्र से आये प्रो0 गीतम सिंह तोमर ने कहा कि भारत युवाओं का देश है आपमें ऊर्जा भरपूर है उचित मार्गदर्शन से आप दुनिया की दिशा व दशा बदलने में सक्षम हैं। कांफ्रेस की अध्यक्षता कर रहे संस्थान के चेयरमैन डा0 आर0ए0 अग्रवाल ने कहा कि बी0आई0टी0 संस्थान में दुनिया के सबसे बड़े तकनीक संगठन की इस कांफ्रेस में 1162 नवाचार हेतु शोध पत्र प्राप्त हुए जो इस कांफ्रेस की सफलता को बयां करते हैं। कांफ्रेस में संयोजक ई0 अंकुर कुमार, डा रूप रंजन डा0 अभिनन्दन त्रिपाठी, डा0 शशांक श्रीवास्तव, डा0 अरविन्द पाण्डेय, संतोष त्रिपाठी, उज्जवल श्रीवास्तव सहित बी0आई0टी0 संस्थान के निदेशक, विभागाध्यक्ष व शिक्षक उपस्थित थे।

## अभिभावक शिक्षक की बैठक सम्पन्न

घघसरा गोरखपुर । । पाली विकास खंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पट्टी धर्म दास मे शासन के निर्देशानुसार शनिवार को अभिभावक शिक्षक की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे छात्र–छात्राओ के साथ अभिभावकों ने अधिक सख्या मे भाग लिया। इस बैठक मे हमारा प्रदेश निपुण प्रदेश बन



सके और इसके अंतर्गत मुख्य रुप से शिक्षा को आगे ले जाना ताकि हमारा और देश का विकास सदैव अग्रसर हो। उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य मनीराम यादव, मारिया कैश, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेन्द्र यादव, अशोक तिवारी, सुनीता देवी, जिलेबा देवी, यदुवंशा देवी, मीरा गौड, संजू शर्मा, हरि राम शुक्ला, रामा नंद गौड, आदि लोग मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस पर 20 मामले आए 1 का हुआ निस्तारण

सहजनवा गोरखपुर । । शनिवार थाना समाधान दिवस पर सहजनवां थाने में अध्यक्षता तहसीलदार सहजनवा राकेश कन्नौजिया ने किया। इस दौरान 10 मामले आए थे। जिसमे 6 राजस्व और 4 पुलिस के थे। 1 मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। गीडा ठंड में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया ने किया। इस दौरान 8 मामले आए सभी मामले राजस्व से संबंधित थे। किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। हरपुर बुदहट ठंड में समाधान दिवस अध्यक्षता एसओ महेश कुमार चौबे ने किया। इस दौरान 2 मामले आए थे। जो राजस्व के थे। किसी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित की गई है। पुलिस के मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह, एसओ विशाल उपाध्याय, एसआई आलोक कुमार, राकेश सिंह, आशीष कुमार सिंह, धनश्याम उपाध्याय सहित अनेक राजस्व कर्मी मौजूद थे।

## किसानों को धान विक्रय के लिए विपणन अधिकारी ने किया प्रेरित

सहजनवा गोरखपुर । । सरकार ने किसानों के सुविधा के लिए जगह जगह धान क्रय केंद्र खोल रखा है। जिससे किसान अपने धान को क्रय केंद्रों पर ले जाकर समय से बेच सके। इसके अलावा सरकार ने जिम्मेदारों को निर्देश दिए है कि गांव में पहुंच कर किसानों से संपर्क करे और उन्हें अपने धान को क्रय केंद्रों पर ले जाने के लिए प्रोत्साहित करे। शनिवार को विपणन अधिकारी पाली पवन पाल सिंह ने पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत नेवास जाकर किसान पुजारी तिवारी, महेंद्र तिवारी, छोटकु तिवारी से संपर्क साधा और उन्हें आश्वासन दिए कि अपने धान को समय से क्रय केंद्र पर लाए। जिससे खरीद किया जा सके। खरीद के बाद उसका भुगतान भी समय से



करा दिया जायेगा।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा

गोरखपुर । । नगर निगम में आयोजित पेंशनर समाज के धरने को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद में समर्थन दिया तथा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित कर्मचारियों की मांगों से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी गोरखपुर के प्रतिनिधि के रूप में ज्ञापन लेने आए नायक तहसीलदार भागीरथी सिंह को सौंपा।धरने को संबोधित करते हुए परिषद के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आज कर्मचारी और पेंशनर तमाम संगठनों में बंट चुका है जिससे कर्मचारियों की कोई मांगे सुनी नहीं जा रही हैं मैं समस्त कर्मचारियों से अपील करूंगा कि वह माननीय मुख्यमंत्री जी के मूल मंत्र 'बटेंगे तो मिटेंगे' को आत्मसात करते हुए एकजुट हो, नहीं तो धीरे–धीरे आपकी सारी सुविधाओं को छीन लिया जाएगा और आप इसी तरह गुटों में बट के रह जाएंगे।




परिषद के महामंत्री मदन मुरारी शुक्ल ने कहा की माननीय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी को संबोधित ज्ञापन देकर दोनों यशस्वी नेताओं से गुहार किया गया है कि वह कर्मचारियों की सभी मांगों को पूरा कर रामराज्य की स्थापना करें।बैठक को परिषद के संरक्षक अशोक पांडे वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित श्याम नारायण शुक्ल ने भी संबोधित किया।धरने में रूपेश कुमार श्रीवास्तव मदन मुरारी शुक्ल गोविन्द जी अशोक पांडेय पंडित श्याम नारायण शुक्ल अनूप कुमार इजहार अली राजेश मिश्रा फूलई पासवान राजेश सिंह जामवंत पटेल डॉ० एस० के० विश्वकर्मा अशोक शर्मा अशोक सिंह हरेराम यादव सुभाष चंद्र उपाध्याय अविनाश कुमार सैनी उमाशंकर आर्य सुरेंद्र सिंह हरिशचंद्र मिश्रा रणवीर सिंह रामनरेश कुशवाहा राम बहादुर त्रिपाठी तीरथ प्रसाद आफताब हुसैन श्रीनिवास श्रीवास्तव सुभाष चंद्र सिंह सुकांत जायसवाल डीप सिंह अर्जुन

## रोडवेज में संविदा पर होगी चालकों की भर्ती सिकरीगंज में लगेगा कैंप

25 नवंबर को सिकरीगंज में लगेगा कैंप

गोला गोरखपुर । । महाकुंभ के अवसर पर संविदा पर चालकों की सीधी भर्ती करने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम राप्ती नगर डिपो के द्वारा सिकरीगंज में कैंप लगाने की तैयारी है। जिसमें अहर्ता पूरा करने वाले सभी चालकों की भर्ती की जाएगी। उक्त जानकारी गोला में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वीसी रमेश सिंह ने कही। उन्होंने बताया कि चालकों की भर्ती की कोई निश्चित संख्या नहीं है। भर्ती होने के इच्छुक चालकों की लंबाई 5 फुट 3 इंच उम्र 23 वर्ष 6 माह से 60 वर्ष के अंदर 2 वर्ष का भारी यात्री वाहन चलाने का अनुभव का लाइसेंस शैक्षिक योग्यता 8 पास होना अनिवार्य है। भर्ती के दौरान आवश्यक कागजात जरूर लेकर आयें। भर्ती होने के बाद चालकों को 1 रू 89 पैसा प्रति किलोमीटर दर से भुगतान के साथ 22 दिन का चालन कार्य एंव 5 हजार किलोमीटर पर 3 हजार प्रोत्साहन राशि भी दिया जाएगा। इपीएफ रात्रि भत्ता व 5 लाख का दुर्घटना बीमा राशि भी दिया जाएगा। वीसी श्री सिंह ने बताया कि भर्ती की कोई संख्या निश्चित नहीं है। अहर्ता पूरी करने वाले सभी चालकों की भर्ती कर ली जाएगी। क्षेत्र के युवाओं के भर्ती होने से गोला क्षेत्र में भी बसों का परिचालन आसानी से हो सकेगा।

## जाँच में सभी शिक्षक मिले अनुपस्थित

भलुआन गोरखपुर । । ब्लॉक अंतर्गत आने वाली ग्रामसभा राउतपर के राजस्व ग्रामसभा सियर के प्राथमिक पाठशाला पर शनिवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान(डायट) गोरखपुर की टीम पहुँची तो विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पुष्पलता सिंह, सहायक अनुराधा तिवारी एवं रेनू यादव अनुपस्थित मिली। विद्यालय के आंगनवाड़ी में कुल तीस बच्चों का नामांकन हुआ है परंतु सभी अनुपस्थित मिले। डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि इन लोगों के खिलाफ करवाई की जाएगी।

## जानीपुर गोरखपुर में ऐतिहासिक पल 108 कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्पन्न

जानीपुर गोरखपुर । । गोला क्षेत्र में एक अद्वितीय और ऐतिहासिक कार्यक्रम में 108 कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन दुर्गेश मदन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन पर किया है। इस कार्यक्रम में गोरखपुर जिले के अलावा बिहार से भी आये जोड़े शामिल हुए। दुर्गेश मदन यादव ने कुल 108 कन्याओं का कन्यादान किया और सभी को एक बाइक और घरेलू सामान भेंट किए। यह कार्यक्रम भारत के अलावा बैंकाक आदि देशों के लोगों के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने नव जोड़ो वर वधु को अपना आशीर्वाद



दिए। यह कार्यक्रम इस क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कदम रहा और दुर्गेश मदन यादव एवं उनके बड़े भाई दुर्गा प्रसाद यादव ने अपने सामर्थ्य और लोगों के सहयोग के माध्यम से एक इतिहास रच दिया। इस कार्यक्रम में पूर्व प्रधान दुर्गा यादव एवं कविभिन्न क्षेत्रों से आये संभ्रांतों ने नव दंपतियों को अपना आशीर्वाद दिए। यह कार्यक्रम समाज के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है और दुर्गेश मदन यादव की इस पहल की सराहना पूरे क्षेत्र में हो रहा है।

## विद्यालय के शैक्षिक विकास में अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका – जयप्रकाश मौर्य

## कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय मे हुआ अभिभावक शिक्षक बैठक

कौड़ीराम गोरखपुर । । विद्यालय के शैक्षिक विकास में अभिभावकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। अभिभावकों के सकारात्मक सहयोग से बच्चों और विद्यालय का समग्र विकास होता है। यह बातें कौड़ीराम के खण्ड शिक्षा अधिकारी जय प्रकाश मौर्य ने शनिवार को कंपोजिट पूमावि कौड़ीराम में आयोजित अभिभावक शिक्षक बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बच्चों की नियमित उपस्थिति अभिभावकों की जागरूकता पर निर्भर करता है। उन्होंने डीबीटी योजना के बारे में बताते हुए कहा कि शासन द्वारा प्राप्त धन का उपयोग बच्चों के यूनिफॉर्म, बैग, जूता मोजा और स्वेटर के लिए जरूर करे। आगामी निपुण असेसमेंट टेस्ट और परख राष्ट्रीय



सर्वेक्षण के बारे में बताते हुए कहा कि परीक्षा में शत प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक है। इसके अलावा उन्होंने निपुण लक्ष्य, व्यक्तिगत एवं परिवेशीय स्वच्छता, संचारी रोग नियंत्रण, मिड डे मील आदि योजनाओं के बारे में अभिभावकों से फीडबैक लिया। इसके पहले उन्होंने क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कसिहार, मलांव तथा बेलीपार में आयोजित पीटीएम में भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में नीलम राय, प्रदीप गौड़, विनीत त्रिपाठी, अजंता राय, सुरजीत सिंह, गीता राय, राजेश मिश्रा, दीपिका सिंह, संजीव भारती, अल्पना राय आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने खेल में दिखवाया हुनर

गगहा गोरखपुर । बांसगांव सन्देश । युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में विकास खंड गगहा के मझगांवा स्थित राधिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग अंतर्गत एथलेटिक्स, वॉलीबॉल कबड्डी आदि खेलो का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राधिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुजॉय विश्वास ने एवं पुरस्कार वितरण खंड विकास अधिकारी,



गगहा, अजाज अहमद के द्वारा किया गया। प्रतियोगीता में100 मीटर बालक जूनियर वर्ग दौड़ में प्रियांशु निषाद, सबजूनियर में आरपीएस पब्लिक स्कूल गगहा के छात्र शुभम निषाद एवं सीनियर में शत्रुघ्न यादव एवं बालिका वर्ग में जूनियर में कृति सिंह, सबजूनियर में स्नेहिल सिंह ने बाजी मारी।इसी प्रकार कबड्डी सब जूनियर में अमन यादव की

टीम प्रथम एवं आरपीएस पब्लिक स्कूल गगहा की टीम दूसरे स्थान पर रही।कबड्डी जूनियर में गढ़ही की टीम एवं वॉलीबॉल में गगहा की टीम ने भी बाजी मारी। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा अधिकारी आशीष सिंह, जिला व्यायाम प्रशिक्षक सर्वेश तिवारी, अखिलेश, योगेश सिंह क्रीड़ा शिक्षक राधिका महाविद्यालय, अरविंद, संजीत, सत्यप्रकाश एवं प्रांतीय रक्षक दल के जवान आदि मौजूद रहे।

## खाद न मिलने से परेशान किसानो ने किया प्रदर्शन



घाघासरा गोरखपुर ।। पाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत रिठुआखोर में किराए के मकान में चल रहे साधन सहकारी समिति पर शनिवार को क्षेत्र के किसान डीएपी खाद के लिए सुबह से जमे रहे। जब उन्हें दोपहर तक खाद नहीं मिला तो प्रदर्शन कर नाराजगी जताते हुए अति शीघ्र डीएपी खाद की मांग किया। किसानों का आरोप है कि समय से खाद न मिलने से रबी की मुख्य फसल गेहूं की बुवाई में अति विलम्ब होता जा रहा है। खाद के किल्लत को हर वर्ष हम किसानों को झेलना पड़ता है। सरकार को इस पर ठोस कदम उठाना चाहिए। किसानों का कहना है कि सचिव अपने चहेते निजी दुकानों को अधिक मूल्य पर खाद सप्लाई कर रहे हैं। इस संबंध में खाद निरीक्षक बविता श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि डीएपी खाद की उपलब्धता कम मात्रा में हो रही है। समितियों पर खाद उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों में विनय शर्मा, पंकज भट्ट, छोटेलाल सिंह, मिथिलेश सिंह, राजमन यादव, गोलई, रामपलट, महेंद्र यादव, विजय यादव, घनश्याम सहित कई किसान शामिल रहे।

## सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत

सहजनवा गोरखपुर ।। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का रितेश मल्ल को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल था। शनिवार को गोरखपुर प्रथम आगमन पर लोगों ने भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह को लेकर सहजनवा कस्बे में सुबह से ही सरगर्मियां बढ़ने लगी थीं।नव निर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष रितेश मल्ल का काफिला जैसे ही थाना चौराहा पर पहुंचा तो स्वागत करने वालों का तांता लग गया। लोगों ने फूला माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रितेश मल्ल ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा मिली जिम्मेदारी को बिना भेदभाव के सभी वर्गों के लिए समान भाव से कार्य करते हुए पार्टी के नीतियों को जन जन तक पहुंचाने लिए कटिबद्ध हूं। इस अवसर पर नागेंद्र सिंह पूर्व चेयर मैंन सहजनवा, गौरव गुप्ता, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष, समी अहमद, राम सिंह प्रधान, लल्लू सिंह, सहित कई लोग मौजूद रहे।



## गोरखनाथ पुलिस ने दो लूटेरो को गिरफ्तार किया है जो रात में यात्रियों के साथ लूट की घटना को अंजाम देते थे

गोरखपुर । अगर आप ऑटो में बैठकर कही जा रहे है तो थोड़ा सावधान होकर ऑटो पर बैठिएगा क्यो की आजकल ऑटो चालक लूट की घटनाओं की अंजाम देकर फरार हो जा रहे है पुलिस ने भी आमजन मानस से अपील की है कि रात में ऑटो में बैठते समय जिस गाड़ी में आप बैठ रहे है उस गाड़ी या ऑटो का नंबर व्हाट्सएप व अन्य माध्यम से नोट कर ले या अपने परिजनों को भेज दे ताकि कोई अप्रिय घटना होने पर प्रभावी कार्यवाही की जा सके। ताजा मामला गोरखनाथ थाना क्षेत्र में ऑटो चालक और उसके सहयोगियों के द्वारा रात के समय यात्री से लूट का है। उमेश चंद्र यादव पुत्र भगवान दाश यादव निवासी ग्राम राजाबारी पोस्ट राजाबारी जिला गोरखपुर के द्वारा गोरखनाथ थाने आज दिनांक 22 नवंबर को लिखित सूचना दिया गया कि 19 नवंबर की रात 11 बजे वंदे भारत ट्रेन से उतर कर घर जाने के लिए ऑटो पर बैठा ऑटो गोरखनाथ थाने के आगे लेबर तिराहे के पास जब पहुँचा तो अन्य सवारियां वहां पर उतर गई ऑटो चालक और उसके सहयोगी मेरे बताए हुए पते पट न ले जाकर रामनगर चौराहे की तरफ गाड़ी तेज गति में ले गया और नारायण फैक्ट्री की तरफ ले जाकर मेरे साथ मारपीट किया और मेरा पैसा व समान लूट कर फरार हो गए। थाना प्रभारी गोरखनाथ शशिभूषण राय ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए एसएसपी एसपी सिटी और सीओ गोरखनाथ को घटना की जानकारी दी और तत्काल मुकदमा दर्ज कर रामनगर चौकी प्रभारी दुर्गेश सिंह सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार, सब इंस्पेक्टर सौरभ सिंह और कॉन्स्टेबल संजीव कुमार को लूटेरो को पकड़ने के लिए तत्काल निर्देश दिया गोरखनाथ थाना प्रभारी शशिभूषण राय लगातार पूरे घटनाक्रम की जानकारी पल पल लेते रहे चौकी प्रभारी रामनगर दुर्गेश सिंह सीसीटीवी कैमरे की मदद और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर लूटेरो की तलाश में जुट गए कुछ ही घंटों की कड़ी मेहनत के बाद गोरखनाथ पुलिस लूटेरो तक पहुँच गयी गोरखनाथ पुलिस ने शिव नेत्रालय के पास से सद्दाम हुसैन पुत्र एजाज अहमद निवासी घोबी गली रसूलपुर और नसीम अंसारी पुत्र शमशाद अंसारी निवासी चक्सा हुसैन पचपेड़वा थाना गोरखनाथ को गिरफ्तार कर लिया साथ ही लूट के उपयोग किये गए ऑटो टेम्पू, रुपये और वादी से लूटे गए कागजात बरामद कर लिए गोरखनाथ पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

## त्रिदिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का विधायक ने किया अवलोकन

पिपरौली गोरखपुर ।। कस्बा पिपरौली बाजार स्थित सरस्वती देवी इंटर कॉलेज में स्काउट गाइड के त्रिदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का मुख्य अतिथि सहजनवां के भाजपा विधायक प्रदीप शुक्ला द्वारा अवलोकन किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि स्काउट गाइड द्वारा छात्र–छात्राओं का एक अलग ही प्रकार का प्रशिक्षण होता है। उनके अंदर अनुशासन और राष्ट्र के प्रति उनकी क्या महत्वता है इसके बारे में विस्तार से बताया जाता है, जिससे उनका संपूर्णता में विकास होता है।

## पत्रकार हिमांशु श्रीवास्तव हुए सम्मानित

गोरखपुर ।। पत्रकार हिमांशु श्रीवास्तव को स्टार हॉस्पिटल की निदेशक डॉक्टर सुरहिता करीम एवम डॉक्टर विजाहत करीम द्वारा उनके पत्रकारिता एवं समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार भी उपस्थित रहे।

## क्या है इजरायल का पुतिन वाला प्लान ? दक्षिणी लेबनान के लगभग 30 गावों को इलाका छोड़ जाने का अल्टीमेटम

ईरान मिसाइल बरसा रहा है और इजरायल उन हमलों का मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी में है। ईरान ने इजरायल पर 200 मिसाइलें दागी तो हिजबुल्लाह की ओर से भी इजरायल पर लगातार हमले हो रहे हैं। इजरायल ने हमास की पूरी तरह से कमर तोड़ दी है और अब वो हिजबुल्ला के खिलाफ ऑपरेशन को अंजाम देने में लगा हुआ है। ईरान के हमले के बाद इजरायल आर पार के मूड में नजर आ रहा है। हिजबुल्लाह को मिटाने के लिए इजरायली सैनिक लेबनान की सीमा में दाखिल भी हो चुके हैं। ग्राइंड ऑपरेशन में इस वक्त भीषण युद्ध जारी है। इन सब के बीच कतर की ओर और यूएन की ओर से शांति और समझौते की पहल की जा रही है। हालांकि दोनों देशों की बयाबाजी के बाद ऐसा लगता नहीं है कि ये पेशकश पर कोई अमल करेगा और ये सफल होगा। ईरान और इजरायल के बीच की जंग मीडिल ईस्ट में छिड़ी है। ईरान मिसाइल बरसा रहा है और इजरायल उन हमलों का मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी में है। ईरान ने इजरायल पर 200 मिसाइलें दागी तो हिजबुल्लाह की ओर से भी इजरायल पर लगातार हमले हो रहे हैं।इजरायल ने कह दिया है कि पलटवार जोरदार होगा। ऐसा होगा कि दुनिया याद रखेगी।इसके साथ ही कहा जा रहा है कि इजरायल लेबनान में पुतिन वाला प्लान अपनाने जा रहा है। दरअसल, रूस यूक्रेन वॉर के बीच मॉस्को ने कीव को कमजोर करने के लिए यूक्रेनी शहर डोनबास को उससे अलग करने का प्लान बनाया था। जिसमें पुतिन कामयाब भी हुए थे। आगे चलकर पुतिन ने डोनाबास के दो इलाके डोनेत्सक और लुहांस्क को एक देश के तौर पर मान्यता दे दी थी। डोनाबास के अलग होने से न केवल यूक्रेन की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा बल्कि उसके हाथ से युद्ध भी निकल गया।



अब ऐसी ही रणनीति इजरायल भी लेबनान के खिलाफ अपना रहा है। इजरायल ने लेबनान से उसके दक्षिणी भाग को अलग करने की ठान ली है। बेंजामिन नेतन्याहू जानते हैं कि नसरल्लाह की हत्या के बाद हिजबुल्लाह के पास कोई नेतृत्व नहीं है। ऐसे में नेतन्याहू इसका पूरा फायदा उठाना चाहते हैं। दक्षिणी लेबनान हिजबुल्लाह के लिए बेहद अहम माना जाता है। यहां पर मौजूद दायफ शहर उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसे हिजबुल्लाह का लाइफ लाइन भी कहा जाता है। ब

`रूत, त्रिपोली और सिडोन के बाद दायर लेबनान का चौथा बड़ा शहर है। दायर का लेबनान से संपर्क टूटने के बाद यूक्रेन की तरह हिजबुल्लाह की कमर टूट जाएगी। ये नीति पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ अपनाई थी और अब वही काम इजरायल लेबनान के साथ कर रहा है।

## पाकिस्तान में बच्चियों को स्टेज पर देख भाग उठा जाकिर नाइक,

जाकिर नाइक के पाकिस्तान के कई शहरों में कार्यक्रम भी रखे गए। भारत का भगौड़ा पाकिस्तान का दुलारा बन बैठा है। उसने कहा कि मुझे बेहद खुशी हो रही है कि मेरा बरसों का ख्वाब पूरा हुआ। आज मैं पाकिस्तान की सरजमीं पर हूं और अल्लाह ने मेरी बरसों की ख्वाहिश पूरी हुई। भारत का मोस्ट वांटेड जाकिर नाइक पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के दौरे पर नजर आया। पाकिस्तान में उसे इतना वीआईपी ट्रीटमेंट दिया गया कि वहां मंत्रियों में उससे मिलने की भी होड़ लग गई है। इतना ही नहीं भारत के दुश्मन जाकिर से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी मुलाकात की और गर्मजोशी के साथ जब मुलाकात हुई उसकी तस्वीरें भी सामने आई। जाकिर नाइक ने कहा कि पाकिस्तान आना उनका सपना था। जाकिर नाइक के पाकिस्तान के कई शहरों में कार्यक्रम भी रखे गए। भारत का भगौड़ा पाकिस्तान का दुलारा बन बैठा है। उसने कहा कि मुझे बेहद खुशी हो रही है कि मेरा बरसों का ख्वाब पूरा हुआ। आज मैं पाकिस्तान की सरजमीं पर हूं और अल्लाह ने मेरी बरसों की ख्वाहिश पूरी हुई। पाकिस्तान भारत के दुश्मन की ऐसी खातिरदारी कर रहा है मानों कोई बहुत बड़ा शख्स उसके देश पहुंच गया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ तो मानो जाकिर से मिलकर फूले नहीं समा रहे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आपका स्वागत है। लोग आपकी आवाज और उपदेश को सुनने का इंतजार कर रहे हैं। आपका पाकिस्तान में होना हमारे लिए खुसी की बात है। जाकिर की तारीफ के कसीदे यही खत्म नहीं होते। शहबाज ने तो मानो खुद को पूरी दुनिया के मुसलमानों का नुमाइंदा मान लिया हो। जहरीले जाकिर को ये तक कह दिया कि दुनियाभर के मुसलमान उससे बहुत खुश हैं। शहबाज ने कहा कि दीन और इस्लाम के लिए आपका योगदान शानदार रहा है। मुस्लिम वर्ल्ड आपसे बहुत खुश है। जाकिर नाइक को भी यकीन नहीं हो पा रहा था कि आखिर उसकी इतनी खातिरदारी क्यों की जा रही है। बदले में उसने भी कह दिया कि उसका पाकिस्तान आना बरसों का सपना था। स्टार ट्रीटमेंट लेते जाकिर का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, जाकिर पाकिस्तान में एक कार्यक्रम में पहुंचा था। जहां अनाथ बच्चियों को अवार्ड दिया जाना था। लेकिन जाकिर नाइक भड़क गया और बिना अवार्ड दिए वहां से चला गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि स्टेज पर जैसे ही बच्चियां पहुंची जाकिर पीछे से चला गया। बाद में वो आयोजकों पर भड़कते हुए कहा कि ये इस्लामिक सिद्धांतों के खिलाफ है। उसे बच्चियों को बेटियां कहने पर भी गुस्सा आया। 1992 के बाद जाकिर नाइक की पहली पाकिस्तान यात्रा है।



## गायत्री मंत्र के जाप से स्वागत, लाओ रामायण का मंचन, बौद्ध भिक्षुओं से आशीर्वाद,

प्रधानमंत्री मोदी लुआंग प्रबांग के प्रतिष्ठित रॉयल थिएटर द्वारा प्रस्तुत लाओ रामायण का एक मनमोहक एपिसोड देखा, जिसे फलक फलम या फ्रा लाक फ्रा राम के नाम से भी जाना जाता है। आसियान–भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए अपने दो दिवसीय दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाओस पहुंचे। लाओस के गृह मामलों के मंत्री विलायवोंग बौदाखम द्वारा भव्य स्वागत किया गया। लाओस में पीएम मोदी का गायत्री मंत्र के जाप के साथ स्वागत हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाओस में वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं के आशीर्वाद समारोह में भाग लिया। इसके बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किए गए वट फू मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार और संरक्षण को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का दौरा किया। प्रधानमंत्री मोदी लुआंग प्रबांग के प्रतिष्ठित रॉयल थिएटर द्वारा प्रस्तुत लाओ रामायण का एक मनमोहक एपिसोड देखा, जिसे फलक फलम या फ्रा लाक फ्रा राम के नाम से भी जाना जाता है। इस अद्भुत प्रदर्शन ने भारत और लाओस द्वारा साझा की गई समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया, जो दोनों देशों के बीच स्थायी बंधन को उजागर करता है। 'फ्रलकफ्रराम डॉट कॉम' के मुताबिक, लाओ रामायण मूल भारतीय संस्करण से अलग है। बौद्ध समूहों के माध्यम से यह 16वीं शताब्दी के आसपास लाओस पहुंचा था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि साझा विरासत और परंपरा दोनों देशों को करीब ला रही है। यह प्रस्तुति भारत–लाओस के समृद्ध और साझा जुड़ाव का एक उत्कृष्ट प्रदर्शन थी।



## मैक्सिको ग्वाटेमाला सीमा के समीप सेना की गोलीबारी में छह प्रवासियों की मौत

ट्रक में सवार अन्य 17 प्रवासियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। उसमें कुल 33 प्रवासी सवार थे। आम तौर पर इसी इलाके से प्रवासियों की तस्करी की जाती है, जिन्हें अक्सर मालवाहक ट्रकों में भरकर ले जाया जाता है। मैक्सिको के ग्वाटेमाला की सीमा के समीप एक ट्रक पर सैनिकों की गोलीबारी में छह प्रवासियों की मौत हो गई। रक्षा विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। विभाग के एक बयान के अनुसार, सैनिकों ने दावा किया कि जब सोमवार देर रात ट्रक और दो अन्य वाहन दक्षिणी राज्य चियापास में हुइक्सटला शहर के समीप उनके तैनाती स्थल के पास पहुंचे तो

## पश्चिम एशिया में तनाव के बीच जयशंकर–ब्लिंकन की मुलाकात, क्या शांति के प्रयासों को मिलेगी सफलता ?

पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार में आने के बाद अपनी पहली यात्रा पर वॉशिंगटन पहुंच कर जयशंकर ने अमेरिकी विदेश विभाग के प्रमुख एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की। विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन ने वॉशिंगटन डीसी में मुलाकात की। इस बैठक में दोनों देशों ने वेस्ट एशिया की स्थिति, भारतीय उपमहाद्वीप, इंडो– पैसिफिक व यूक्रेन में हाल के घटनाक्रमों पर चर्चा करते हुए क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए साथ मिलकर काम करने पर कमिटमेंट जाहिर की है। पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार में आने के बाद अपनी पहली यात्रा पर वॉशिंगटन पहुंच कर जयशंकर ने अमेरिकी विदेश विभाग के प्रमुख एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के हेडक्वार्टर श्फॉगी बॉटमश में बैठक के बाद ब्लिंकन ने कहा कि श्अमेरिका और भारत क्षेत्रीय और ग्लोबल चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और मैंने जलवायु संकट पर हमारे निरंतर सहयोग और रीजनल सिक्योरिटी को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। वहीं, जयशंकर ने कहा कि वॉशिंगटन में ब्लिंकन के साथ बातचीत करके बहुत खुशी हुई। हमने डेलावेयर द्विपक्षीय और क्वॉड बैठकों पर चर्चा की। हमारी बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने, वेस्ट एशिया की स्थिति, भारतीय उपमहाद्वीप और इंडो– पैसिफिक व यूक्रेन में हाल के घटनाक्रम शामिल थे।उन्होंने पीएम मोदी की अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ हालिया बाइलैटरल बैठक का जिक्र किया। अमेरिका के राष्ट्रपति ने 21 सितंबर को द्विपक्षीय बैठक के लिए अपने यूक्रेन के लिए न्यायपूर्ण और स्थायी शांति के महत्व को दोहराया। जयशंकर ने डेलावेयर में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के बीच शानदार बैठक और सार्थक क्वाड बैठक के लिए ब्लिंकन को धन्यवाद दिया इससे पहले दिन में जयशंकर ने शीर्ष अमेरिकी 'थिंक–टैंक' कार्नेगी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस में एक चर्चा में भाग लिया।



## हम शांतिप्रिय देश, एक–दूसरे का करते हैं सम्मान,एसियन–इंडिया शिखर सम्मेलन में बोले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने आसियान के साथ विकास साझेदारी में भारत के मानव–केंद्रित दृष्टिकोण को रेखांकित किया और बताया कि कैसे 300 आसियान छात्रों को नालंदा विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति से लाभ हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आसियान –इंडिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि मैंने भारत की एक्ट–ईस्ट नीति की घोषणा की थी। पिछले एक दशक में इस नीति ने भारत और आसियान देशों के संबंधों को नई ऊर्जा, दिशा और गति दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मेरा मानना घ्र्है कि 21वीं सदी इंडिया और आसियान देशों की सदी है। आज जब दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष और तनाव की स्थिति है, भारत और आसियान की मित्रता, संवाद और सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है। पिछले 10 वर्षों में हमारा आसियान क्षेत्रों के साथ हमारा व्यापार लगभग दो गुना होकर 130 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। आज भारत ने 7 आसियान देशों के साथ डायरेक्ट फ्लाइट कनेक्टिविटी है और जल्द ही ब्रुनेई के साथ भी सीधी उड़ानें शुरू होंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने आसियान के साथ विकास साझेदारी में भारत के मानव–केंद्रित दृष्टिकोण को रेखांकित किया और बताया कि कैसे 300 आसियान छात्रों को नालंदा विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति से लाभ हुआ है। उन्होंने कहा नेटवर्क ऑफ यूनिवर्सिटी लॉन्च किया गया है। लाओस, कंबोडिया, वियतनाम, म्यांमार, इंडोनेशिया में साझी विरासत और संरक्षण के लिए काम किया गया है। भारत ने कई क्षेत्रों में सहयोग के लिए भारत–आसियान विज्ञान और प्रौद्योगिकी कोष, हरित कोष और डिजिटल कोष में 30 मिलियन डॉलर का योगदान भी दिया है। पीएम ने कहा कि भारत और आसियान पड़ोसी हैं, ग्लोबल साउथ में भागीदार हैं और दुनिया में तेजी से विकसित होने वाला क्षेत्र हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि हम शांतिप्रिय देश हैं, एक–दूसरे की राष्ट्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान करते हैं और हम अपने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। मेरा मानना घ्र्है कि 21वीं सदी भारत और आसियान देशों की सदी है।



## बंगलादेश ने उठाया बड़ा कदम, अपने राजदूतों को भारत से वापस बुलाया

रहमान 2020 से भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने दोनों पड़ोसी देशों के बीच विशेष रूप से व्यापार, कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर घनिष्ठ सहयोग की अवधि का निरीक्षण किया। शेख हसीना के पद से हटने और देश छोड़ने के बाद बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार ने गुरुवार को बड़ा फैसला लिया है। विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने एक बड़े राजनयिक फेरबदल में भारत के उच्चायुक्त मुस्तफिजुर रहमान सहित पांच दूतों को वापस बुला लिया है। अधिकारी ने बताया कि विदेश मंत्रालय ने ब्रुसेल्स, कैनबरा, लिस्बन, नई दिल्ली में दूतों और न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के स्थायी मिशन को तुरंत राजधानी ढाका लौटने का आदेश दिया। यह कदम बांग्लादेश में राष्ट्रीय चुनाव से पहले उठाया गया है। हालाँकि राजनयिकों को वापस बुलाने के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं है। विश्लेषकों के अनुसार सत्ता में फेरबदल के बाद राजनयिक प्राथमिकताओं को फिर से संरेखित करने के अंतरिम सरकार के प्रयासों का हिस्सा हो सकती है। रहमान 2020 से भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने दोनों पड़ोसी देशों के बीच विशेष रूप से व्यापार, कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर घनिष्ठ सहयोग की अवधि का निरीक्षण किया। यह कदम ऐसे समय में आया है जब दक्षिण एशियाई देश में कई तरह के बदलाव देखने को मिले हैं। विरोध प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना को इस्तीफा देने और भारत भागने के लिए मजबूर होने के बाद मुहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में पदभार संभाला। हसीना को सत्ता से बेदखल करने वाले छात्र–नेतृत्व वाले आंदोलन के परिणामस्वरूप 700 से अधिक लोग मारे गए, जिससे भारत के साथ संबंध तनावपूर्ण हो गए ।यह देश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के बीच भी आया है। हसीना को हटाए जाने के तुरंत बाद, हिंदुओं और मंदिरों पर हमलों की खबरें सामने आईं। इसके बाद देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों पर 5 अगस्त को हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद कम से कम 205 हमले हुए।



## इजरायल के साथ युद्धविराम के लिए तैयार हो गया था नसरल्लाह, लेबनान के मंत्री का दावा,

हबीब ने कहा कि हम पूरी तरह सहमत थे। लेबनान युद्धविराम के लिए सहमत हुआ लेकिन (बाद में) हिजबुल्लाह के साथ परामर्श किया।



(लेबनानी सदन) के अध्यक्ष नबीह बेरी ने हिज्बुल्लाह के साथ परामर्श किया और हमने अमेरिकियों और फ्रांसीसियों को इस बारे में सूचित किया कि क्या हुआ था। उन्होंने हमें बताया कि नेतन्याहू उस बयान पर भी सहमत थे जो दोनों (अमेरिकी और फ्रांसीसी) राष्ट्रपतियों द्वारा जारी किया गया था। लेबनान के विदेश मंत्री अब्दुल्ला बौ हबीब ने सीएनएन को बताया कि बेरूत में इजरायली हवाई हमले में मारे जाने से कुछ दिन पहले ही हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ 21 दिनों के युद्धविराम पर सहमति जताई थी। पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर मुलाकात के बाद बाइडेन, मैक्रों और अन्य सहयोगियों द्वारा अस्थायी युद्धविराम का आह्वान किया गया था। सितंबर के मध्य में समूह द्वारा इस्तेमाल किए गए पेजर और वॉकी–टॉकी के कई विस्फोटों के लिए हिजबुल्लाह द्वारा इजराइल को दोषी ठहराए जाने के बाद युद्धविराम की मांग उठी। हबीब ने कहा कि हम पूरी तरह सहमत थे। लेबनान युद्धविराम के लिए सहमत हुआ लेकिन (बाद में) हिजबुल्लाह के साथ परामर्श किया। (लेबनानी सदन) के अध्यक्ष नबीह बेरी ने हिज्बुल्लाह के साथ परामर्श किया और हमने अमेरिकियों और फ्रांसीसियों को इस बारे में सूचित किया कि क्या हुआ था। उन्होंने हमें बताया कि नेतन्याहू उस बयान पर भी सहमत थे जो दोनों (अमेरिकी और फ्रांसीसी) राष्ट्रपतियों द्वारा जारी किया गया था। लेबनानी विदेश मंत्री के अनुसार, व्हाइट हाउस के वरिष्ठ सलाहकार अमोस होचस्टीन युद्धविराम समझौते पर बातचीत करने के लिए लेबनान जाने वाले थे। हबीब ने कहा कि उन्होंने हमें बताया कि श्री नेतन्याहू इस पर सहमत हैं

और इसलिए हमें इस पर हिजबुल्लाह की सहमति भी मिली और आप जानते हैं कि तब से क्या हुआ।


स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक,**सम्पादक कपिल देव शुक्ल** द्वारा विभव प्रिंटर्स गाटा सं025 लोलेपुर सुलतानपुर उ० प्र०. से मुद्रित तथा सलीमपुर ग्रेन्ट, पो० व थाना कुरेभार, जिला–सुलतानपुर (उ०प्र०) से प्रकाशित **सम्पादक– कपिल देव शुक्ल**,

मो० 9415739288,9721748962

E-mail: kdshukla-79@gmail.com समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र सुल्तानपुर न्यायालय होगा।